प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्र सरकार के कई मंत्रियों ने आज अपना पदभार ग्रहण किया। निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया जबकि नितिन गडकरी ने सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री का पदभार संभाला। अजय टमटा और हर्ष मल्होत्रा ने भी सडक परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री का पदभार संभाला। उत्तर–पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। वी. सोमन्ना ने भी आज केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया।

****

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा के दो सौ 64वें सत्र की शुरूआत भी इस महीने की 27 तारीख को होगी और आगामी संसद सत्र अगले महीने की 3 तारीख को समाप्त होगा।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट 2024 परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछी जाने वाली प्रश्नावली जारी की है। इस महीने की 4 तारीख को घोषित किए गए नीट परिणामों में कथित विसंगतियों के मद्देनजर यह प्रश्नावली जारी की गई है। परीक्षार्थियों को समय की हानि के लिए ग्रेस मार्क्स देने में शिकायत निवारण समिति की भूमिका पर, एजेंसी ने कहा कि एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने तथ्यात्मक रिपोर्टों के आधार पर शिकायतों पर विचार किया। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सात सौ अटठारह और सात सौ उन्नीस अंक कैसे प्राप्त कर सकता है, इस प्रश्न के उत्तर में एजेंसी ने स्पष्ट किया कि ग्रेस मार्क्स के कारण दो परीक्षार्थियों को सात सौ अटठारह और सात सौ उन्नीस अंक प्राप्त हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

****

विश्व हिंदू परिषद ने जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय नौ जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। विश्व हिन्दू परिषद् के अंतरराष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे ने आज रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि यह पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला है।

****

हजारीबाग स्थित झारखण्ड पुलिस अकादमी में बिहार के 99 मद्य निषेध निरीक्षकों और अवर निरीक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। सभी को तीन माह का बुनियादी प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन अकादमी के निदेशक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने किया।

****

लातेहार जिले के बारियातू प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोनिया को इसी वर्ष प्लस–टू उच्च विद्यालय का दर्जा दिया गया है और पीएमश्री विद्यालय के रूप में चयन किया गया है।

****

राज्य सरकार ने देवघर श्रावणी मेले के दौरान कांवरियों की सुविधा के लिए झारखंड–बिहार सीमा स्थित दुम्मा से खिजुरिया तक कांवरिया पथ पर सवा दो करोड़ रुपये का बालू बिछाने का निर्णय

लिया है। पथ निर्माण विभाग ने बालू बिछाने का टेंडर फाइनल कर दिया है और जल्द ही इस पर काम शुरु होगा।

****

हजारीबाग के सबसे बड़े अस्पताल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एंबुलेंस से लिए जा रहे पार्किंग शुल्क का चालकों ने विरोध किया है। इस सिलसिले में आज सैकडों प्राइवेट एंबुलेंस चालकों ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद से न्याय की गुहार लगाई। भाजपा नेता ने चालकों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में जिले के वरीय पदाधिकारियों से वार्ता की जायेगी।

****

गढ़वा जिले के चिनिया प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित मनरेगा के सहायक अभियंता अनुज कुमार को आज सुबह रंका प्रखंड के कंचनपुर स्थित उनके घर से एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने सहायक अभियंता को गिरफतार कर मेदिनीनगर अपने साथ ले गयी है। उनपर मनरेगा के एक कार्य में भुगतान करने की एवज में लाभुक से रिश्वत लेने का आरोप है।

****

राज्य में हीट वेव के कारण जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल, इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने भी 15 जून तक हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज को छोड़ सभी जिलों में तापमान 41 डिग्री से ऊपर है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आज सुबह दस बजे के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि हीट वेव का सबसे अधिक प्रभाव पलामू, चतरा, गढ़वा, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम जिलों में देखा जायेगा। केंद्र ने हीट वेव से बचाव के लिये लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

********समाप्त********